तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

13 न्योता भोज में बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी

14 धूमधाम से मनी होली, जमकर उड़े रंग-गुलाल


## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में ट्रक की टक्कर से दो लोगों की मौत के मामले में आरोपी चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचसी 7256 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए प्रार्थी युवराज ठाकुर पिता उमेंद्र कुमार (32) निवासी वार्ड 12 पिथौरा के जीजा अनिरूद्ध ध्रुव (40) निवासी जंघोरा को ठोकर मार दिया। हादसे में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में एक अज्ञात ट्रक ने ग्राम टेका में प्रार्थी छोटूराम यादव पिता कोदा यादव (47) निवासी टेका के भतीजे लक्ष्मीलाल यादव (37) को ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिसकी गंभीर चोट आने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 47.50 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** शहर के कौशिक कॉलोनी निवासी युवक के साथ ढाई महीने के भीतर 47 लाख रुपए से अधिक रकम की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में पुलिस आरोपी मोबाइल धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 3 जनवरी 2024 से 14 मार्च 2024 के बीच उसके साथ मोबाइल नंबर 8401524461, 7751904012, 9475375813 के धारकों द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 4750000 रुपए का आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने उक्त मोबाइल धारकों के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### जीएसटी विभाग ने गुटखा से लोड गाड़ी जब्त किया

**महासमुंद।** राज्य कर विभाग की टीम ने जिले में हो रहे जीएसटी चोरी के मामले का भांडा फोड़ करते हुए एक आटो में भरकर ले जा रहे राजश्री पान मसाला के जखीरे को जब्त किया है। इस कार्रवाई में अधिकारियों ने 3 लाख 42 हजार का माल सीज किया है। विभाग के दिये जानकारी के अनुसार यह पान मसाला राधा रानी जनरल स्टोर पिथौरा के संचालक का बताया जा रहा है। परिवहन संबंधी वैधानिक दस्तावेज नहीं होने पर जीएसटी की टीम ने माल जब्त कर गाडी को थाने में रखवा दिया गया है। जीएसटी विभाग के अधिकारी ने पान मसाले के दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि पूरा माल महासमुंद निवासी का है। साथ ही जब्त पान मसाले को हवाले के तौर पर ले जाया जा रहा था। पकड़े गए पान मसाले की बिल्टी थी।

### नाम निर्देशन के संबंध में राजनैतिक दलों का प्रशिक्षण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों का प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति तथा संवीक्षा के समय चार व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं।

# 31 मार्च तक अवकाश दिवस में भी होगा पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवा

- सुबाह 10 बजे से शाम 7 बजे तक अपाइंटमेंट की मिलेगी सुविधा

राज्य के सभी रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालयों में कम्प्यूटरीकृत एन.जी.डी.आर.एस. प्रणाली से पंजीयन कार्य हो रहा है। इस वित्तीय वर्ष में मार्च माह के अंतिम सप्ताह में 29 से 31 मार्च तक शासकीय अवकाश है। अचल संपत्ति के खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेजों के पंजीयन के लिए पक्षकारों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए पंजीयन कार्यालय वर्षान्त के अवकाश दिवसों 29 से 31 मार्च में भी खुले रहेंगे। पंजीयन के लिए पक्षकारों को स्टाम्प प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए ई–स्टाम्प काउंटर भी अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। मार्च माह में 16 मार्च के उपरान्त सभी शनिवार एवं रविवार को भी पंजीयन कार्यालयों में पंजीयन कार्य होने से पक्षकारों को सुविधा हुई है। मार्च माह में प्रतिवर्ष सर्वाधिक दस्तावेजों का पंजीयन होता है। आम दिनों की अपेक्षा प्रतिदिन लगभग दो से तीन गुना दस्तावेज पंजीयन के लिए प्रस्तुत होते है, इसलिए इस वित्तीय वर्ष में मार्च माह में प्रतिदिन निर्धारित अपाईन्टमेंट की सीमा में भी वृद्धि करते हुए प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक अपाईन्टमेंट की सुविधा प्रदान की गई है।

### प्रतिवर्ष मार्च माह में होता है सर्वाधिक दस्तावेजों का पंजीयन


फाइल फोटो

#### अतिरिक्त समय से बढ़ेगा पंजीयन

सामान्य दिवस में 5 बजे तक का ही अपाइंटमेंट होता है। अवकाश दिवस में पंजीयन कार्य होने से वित्तीय वर्ष में ही पंजीयन कराने के इच्छुक पक्षकारों को सुविधा होने के साथ ही विभाग को प्राप्त होने वाले राजस्व में भी वृद्धि होगी। वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने के कारण इस समय ज्यादा पंजीयन होते हैं।

### अपराध : श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में घर के सामने खड़ी कार में लगा दी आग

# घर के बाहर खड़ी कार पर लगाई आग, 4 आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

26 मार्च को प्रार्थी अनिरुद्ध शर्मा निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 24 मार्च को होलिका दहन पर्व के दिन अपनी ग्रे कलर का बलेनो वाहन क्र. सीजी 12 बीसी 2831 को घर के बाहर खड़ी किया था, कि रात्रि 02:00 बजे लगभग पड़ोसी द्वारा घर में आवाज देकर बताया गया, कि मेरे कार में आग लगी है, तथा कार जल रही है। तब मेरे द्वारा आसपास मौजूद पड़ोसियों की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरीके से जल चुकी थी। कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्रमांक 158/2024 धारा 435,436,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर, सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार में आग लगाने वाले अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। घटनास्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा तकनीकी विश्लेषण व सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों का विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे कि इसी बीच प्रार्थी से पूछताछ पर यह पता चला कि *जिला बिलासपुर निवासी निलेश डिगसेना द्वारा पिछले माह फरवरी में परिवारिक बात को लेकर घर आकर हम लोगों को देख लेने की धमकी दिया गया था। साथ ही पुलिस को प्रार्थी के घर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे पर देखने पर पता चला कि 02 व्यक्ति कार में आग लग रहे हैं जिनके नाम क्रमशः राहुल कर्ष एवं कमल गुप्ता है तथा पास ही 02 अन्य आरोपी कार में बैठे दिखाई दे रहे हैं, जिनके नाम निलेश डिगसेना एवं गौरव खूंटे हैं। चारों व्यक्ति लाल रंग का स्विफ्ट कार क्र. सीजी 10बीसी 7186 में आए थे तथा कार में आग लगाने के पश्चात चारों आरोपी भाग* गए।



#### सीसीटीवी कैमरा फुटेज के माध्यम से आरोपियों की हुई पहचान

इस दौरान सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों की पुख्ता पहचान होने पर थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा जिला बिलासपुर स्थित आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दिया गया तथा सभी चारों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर थाना भाटापारा शहर लाया गया, जिसमें आरोपियों से पूछताछ पर उन्होंने पुराने परिवारिक बात को लेकर होलिका दहन की रात कार में आग लगाना स्वीकार किया है, कि प्रकरण में चारों आरोपी राहुल कर्ष, कमल गुप्ता, निलेश डिगसेना एवं गौरव खूंटे को 28.03.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

#### 519 ग्राम गांजा जब्त, महिला पकड़ी गई



शहर पुलिस ने गुरुवार को महासती वार्ड में अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाली एक महिला का पकड़ा है। आरोपी महिला से 5000 रुपए का 519 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 154/2024 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



#### 30 हजार का तांबा वायर बरामद, एक हिरासत में

मिल से चोरी हुई तीन मोटर एवं 30 हजार का तांबा वायर बरामद कर एक युवक को हिरासत में लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सम्पत्ती संबंधी अपराध के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश सिंह ठाकुर एवं आशीष अरोरा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि 27 मार्च को प्रार्थी अनिल किंगरानी ने थाने आकर लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 मार्च को रात 12:25 बजे से ⏩ शेष पेज 13 पर

# सिंघनपुर में एक व्यक्ति को मछली मांगना पड़ा महंगा, तीन लोगों ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवा



- कोसिर थाना में मामला हुआ दर्ज
- बिना पूछे प्रार्थी के खेत में पकड़ रहे थे मछली

सिंघनपुर के धूजराम वारे नदी किनारे अपने खेत को देखने गए थे। उसी बीच उसने देखा कि इन्हीं के गांव के तिजाऊ निराला, जय प्रकाश, गिरजा पिता तीजाऊ निराला ये तीनों पिता पुत्र हैं जो कि धूजराम के खेत में भरे पानी से मछली पकड़ रहे थे। बिना पूछे ही इनकी खेत में मछली पालन कर रहे थे। धूजराम ने इनसे कहा कि उनके खेत में बिना पूछे मछली पालन कर रहे हो। मुझे भी आधा एक किलो मछली देना। इतने बोलते ही तीनों भड़क गए और गालीगलौज कर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने प्रार्थी थाना कोसीर पहुंचा तो एक प्रधान आरक्षक ने थाना प्रभारी बाहर गए हैं, कहकर टालमटोल कर रहे थे। कोसीर थाना प्रभारी को हमारे प्रतिनिधि ने घटना के बारे में बताया तो मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए प्रार्थी का मुलाहिजा कराकर आरोपीयों के विरुद्ध 294, 506, 323, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मारपीट से धुजराम के बाएं कान, जबड़ा,दाहिने गर्दन और बाएं हाथ के भुजा में चोटें आईं हैं।

**दर्ज किया गया मामला:** इस संदर्भ में कोसीर थाना प्रभारी कुलदीप तिवारी ने बताया कि मारपीट के आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। मुलाहिजा रिपोर्ट के बाद और धाराएं जोड़ी जा सकतीं हैं। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### आनलाइन एफआईआर पर ठगों की नजर, आला अफसरों के नाम पर मांग रहे पैसा

जैसे ही मामला पंजीबद्ध हुआ, इसके दूसरे दिन सुबह 28 मार्च को कई नंबरों से प्रार्थी के मोबाइल पर आरोपियों पर कार्रवाई के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है। रकम नहीं देने पर गालीगलौज भी कर रहे थे। कोई कह रहा था एसपी कार्यालय सारंगढ़ से बोल रहे हैं तो कोई एसडीओपी कार्यालय से बोल रहे हैं। सूचनाओं से मिली जानकारी अनुसार जैसे ही मामला पंजीबद्ध होता है, सारे डिटेल ऑनलाइन हो जाता है जिस पर कई ठग गिरोह की नजर पड़ जाती है। लोगों को ठगी का शिकार बनाने कॉल करते हैंद्ध ऐसे नम्बरों से सावधान रहने की आवश्यकता बताई जा रही है।

# बुडगहन विद्यालय में आयोजित कराया बच्चों को न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बुडगहन प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजनांतर्गत न्यौता भोज का आयोजन किया गया। बुडगहन के शाला रामाधार साहू संकुल समन्वयक, संकुल केन्द्र भड़हा अपनी पोती ईशिता साहू की जन्मदिन के अवसर पर द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुडगहन, संकुल केंद्र भड़हा के विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। केक काटकर खिलाया गया व बच्चों ने बड़े उत्साह और आनंदपूर्वक भोजन ग्रहण किए। भोजन परोसा तथा उसके साथ वार्तालाप करते हुए न्यौता भोज का आनंद उठाया भोजन में चावल दाल सब्जी , सलाद ,अंगूर , ⏩ शेष पेज 13 पर



### मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बिलाईगढ़ अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**पवनी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्रही सारगढ़–बिलाईगढ़ और नन्दलाल इजारदार डीपी एम ने 28 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का निरीक्षण किया। निर्वाचन के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सीएचसी के समस्त स्टाफ को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के आमजन तक स्वास्थ्य सेवाए पहुंचाना चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का प्रमुख उद्देश्य है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के इस अहम उद्देश्य को आम नागरिक तक विशेषकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगो को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्रही निरंतर रूप से दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में सीएमएचओ डॉ. अवधेश पाणिग्रही ने बिलाईगढ़ अस्पताल का औचक निरीक्षण कर संस्थान पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

# छात्र- छात्राओं में भाषायी और गणितीय कौशलों का विकास खेल- खेल में कराने कराई गईं गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मोहरेंगा में कार्यक्रम

शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मोहरेंगा संकुल केंद्र मोहरेंगा में 28 मार्च को अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों में भाषायी एवं ग णि ती य कौशलों का विकास खेल खेल मे कराने के लिए माह मार्च की गतिविधियां रिंग फंसाओ, नाम बताओ और गणित संग गोटा गतिविधियां कराईं गईं। जिसमें बच्चे एवं अधिक संख्यां में माताएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की गतिविधियां को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में शिक्षिका श्रीमती स्वाति सोनी और जमुना साहू का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित माताओं को पेन देकर प्रोत्साहित कर शिक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।



### गुणवत्तायुक्त शिक्षा को लेकर स्कूलों पर रहेगी विशेष नजर: जिला शिक्षा अधिकारी

# मापदंडों का पालन नहीं होने पर मान्यता होंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

- नए शिक्षा सत्र की तैयारी में विभाग

जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने कहा है कि शासन के मापदंडों के अनुरुप निजी स्कूलों की व्यवस्थाओं, गुणवत्ता व मान्यताओं को लेकर जाँच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिससे नये शिक्षा सत्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था निर्मित ना हो सके।

जिला शिक्षा अधिकारी ने 10 वीं, 12वीं बोर्ड के परीक्षा समाप्त हो जाने के पश्चात नये शिक्षा सत्र 2024- 25 की तैयारियों को लेकर उक्त बातें कहीं। नो प्रफिट नो लोस के तर्ज पर शासन का निजी स्कूलों के मान्यता के लियए निर्धारित मापदण्ड रखा गया है। अगर वहां स्कूल निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं करता है तो शिक्षा विभाग उनकी मान्यताएं भी रद्द कर सकता है। जैसे की शिक्षा के अधिकार कानून के अंतर्गत कुल दर्ज संख्या से 25 प्रतिशत लेना अनिवार्य, हर साल निजी स्कूलों द्वारा चार्टेड वेरिफिकेशन कराया जाना, शासन के योजना के अंतर्गत संचालित पाठयक्रम अध्ययन कराया जाना व शासन से उपलब्ध निशुल्क पुस्तकें प्रदाय कराना, शौचालय ,खेल मैदान कम्प्यूटर, टेबल साफ सफाई व स्वयं का बिल्डिंग होना अनिवार्य निर्धारित है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा भी अनिवार्य है । भाटापारा विकासखंड के अंतर्गत कुल 42 निजी स्कूल संचालित है।




#### कुछ स्कूलों में दर्ज संख्या न्यूनतम

गौरतलब है कि भाटापारा विकासखण्ड के अंतर्गत कुछ ऐसे निजी स्कूल हैं, जहाँ पर 12 वीं तक क्लास संचालित है। वहां दर्ज संख्या न्यूनतम हैं। बताया जाता है कि 10 वीं, 12 वीं में विद्यार्थियों की संख्या एकदम न्यूनतम है। स्कूल शिक्षा विभाग के निरीक्षण के पश्चात लिए गए निर्णय पर ही उनका भविष्य तय होगा।

### सामान्य, व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक के सहयोग के लिए कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें सामान्य प्रेक्षक के सहयोग के लिए डिगेश्वर वर्मा स्टेनो टाईपिस्ट स्वास्थ्य विभाग महासमुंद, प्रेमप्रकाश पांडेय सहायक ग्रेड-03 सिविल सर्जन सह अस्पताल महासमुंद, तोषेंद्र चंद्राकर डाटा एंट्री ऑपरेटर अ.वि.अ. कोडार नहर महासमुंद, राजेंद्र कुमार देवांगन भृत्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महासमुंद की ड्यूटी लगाई गई है।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### बृजमोहन ने किया होजमालो का पोस्टर विमोचन

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से चेट्रीचंड्र पर्व पर होजमालो 2024 में रॉकिंग तंबोला का पोस्टर विमोचन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया 6 अप्रैल को होजमालो का आयोजन एक निजी होटल में किया जा रहा है। इसमें अहमदाबाद के लय अंतानी अपनी प्रस्तुति देंगे। सिंधी काउंसिल महिला विंग महामंत्री राशि बलवानी ने बताया कि चेट्रीचंड्र के पहले 6 अप्रैल को रॉकिंग तंबोला आयोजित किया जा रहा है, जिसका पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, गूंजा मंधानी, नेहा अश्पालिया, हीमा जेठवानी, दीपिका जेठवानी आदि उपस्थित रहे।

### भाईदूज पर भगवान चित्रगुप्त का पूजन



**रायपुर।** कायस्थ समाज ने भाईदूज के अवसर पर न्यू शांति नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया। शाम 6 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। भगवान चित्रगुप्त के पूजन कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। इसमें प्रमुख रूप से रामप्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, विठ्ठल श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, नितिन खरे, राजेश श्रीवास्तव, मंजू वर्मा, शीला श्रीवास्तव, अरुणा खरे, संध्या श्रीवास्तव आदि उपस्थित थीं।

### संत साईं संजयदेव मसंद और माता अनुपमादेवी का सम्मान आज



**रायपुर।** अहमदाबाद स्थित सिंधी समुदाय के प्रसिद्ध धार्मिक आस्था केंद्र निज वैकुंठधाम के पीठाधीश साईं संजयदेव मसंद एवं माता अनुपमादेवी मसंद का 29 मार्च शाम 5 बजे शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में सिंधी समुदाय की समस्त पूज्य पंचायतों एवं समाजसेवी संगठनों की ओर से सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मसंद सेवाश्रम के तत्वावधान में किया गया है। सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसंद साहिब ने बताया कि पूज्य शदाणी दरबार के पीठाधीश साईं युधिष्ठिरलाल साहिब, पूज्य गोधरीधाम की महंत अम्मा मीरादेवी एवं श्रीदुर्गा मंदिर लीली चौक के महंत अनंतपुरी गोस्वामी साहिब विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत एवं उसकी युवा शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भी सम्मान किया जाएगा। पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष रहेंगे।

# प्रापर्टी टैक्स का टारगेट 184 करोड़, वसूली 151 करोड़, शेष राशि वसूलने केवल 4 दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस बार 184 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है। अमले ने अब तक दस जोन के 70 वार्डों से 151 करोड़ रुपए का राजस्व वसूल लिया है। अब बाकी के 4 दिन में 33 करोड़ रुपये की बकाया राजस्व वसूली करनी होगी। इसके लिए जोन कमिश्नरों ने जोन के बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली के लिए अंतिम नोटिस जारी कर भुगतान को लेकर कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है। करदाताओं को 31 मार्च तक बकाया करों का भुगतान करना होगा। समय पर भुगतान नहीं होने पर 1 अप्रैल से उन्हें 5 फीसदी अतिरिक्त सरचार्ज के साथ बकाया करों का भुगतान करना होगा। रायपुर नगर निगम के करदाता 31 मार्च तक इस वित्तीय वर्ष के अपने बकाया करों का भुगतान कर सकते हैं। इस अवधि में उनसे किसी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जायेगा। 31 मार्च के बाद टैक्स भुगतान करने वालों से 5 फीसदी सरचार्ज के साथ बकाया करों की वसूली की जायेगी।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कहा है, बकाया करों के भुगतान की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जायेगी। असुविधा से बचने करदाता समय पर अपने बकाया करों का भुगतान ऑनलाइन कर सकते हैं। च्वाइस सेंटर के साथ जोन कार्यालय और नगर निगम के निर्धारित एप पर जाकर प्रापर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा दी गई है।

- संपत्ति कर भुगतान की मियाद 31 मार्च
- 1 अप्रैल से देना होगा 5 फीसदी सरचार्ज



#### अच्छा कार्य करने पर मिलेगा प्रोत्साहन

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने संकेत दिये हैं कि नगर निगम के दस जोन में सबसे ज्यादा राजस्व वसूली करने वाले टॉप 3 के जोन के विभागीय अधिकारियों व सहायकों को निगम प्रशासन प्रोत्साहित करने पर विचार कर रहा है। अच्छा कार्य करने वाली टीम की हौसला अफजाई के लिए सम्मान किया जायेगा।

#### जोनवार वसूली पर एक नजर

| जोन क्रमांक | कुल डिमांड | अब तक की वसूली |
|---|---|---|
| जोन 1 | 15 करोड़ 38 लाख | 12 करोड़ 23 लाख |
| जोन 2 | 23 करोड़ 27 लाख | 17 करोड़ 18 लाख |
| जोन 3 | 15 करोड़ 17 लाख | 10 करोड़ 86 लाख |
| जोन 4 | 17 करोड़ 40 लाख | 12 करोड़ 27 लाख |
| जोन 5 | 15 करोड़ 78 लाख | 12 करोड़ 66 लाख |
| जोन 6 | 12 करोड़ 73 लाख | 9 करोड़ 78 लाख |
| जोन 7 | 13 करोड़ 45 लाख | 10 करोड़ 61 लाख |
| जोन 8 | 19 करोड़ 55 लाख | 18 करोड़ 30 लाख |
| जोन 9 | 29 करोड़ 41 लाख | 25 करोड़ 31 लाख |
| जोन 10 | 22 करोड़ 80 लाख | 22 करोड़ 54 लाख |

### एक्सीडेंटल, मारपीट सहित गंभीर चोट की सूचना पर दौड़ती रही 108 एंबुलेंस

# होली की मस्ती के बीच मरीजों से आबाद रहे सरकारी अस्पताल, तीन दिन में पहुंचे एक हजार मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रंगों के त्योहार होली की मस्ती के दौरान एक्सीडेंट, गिरने-पड़ने, मारपीट जैसी घटनाएं भी होती रही हैं। विभिन्न घटनाओं में आहत होने वालों के इमरजेंसी मोड में सक्रिय सरकारी अस्पताल में मरीजों की गहमा-गहमी बनी रही। राज्य के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में तीन दिन में करीब एक हजार मरीज पहुंचे, जिनमें सात सौ मरीजों को 108 एंबुलेंस इलाज के लिए लेकर पहुंची। अस्पताल पहुंचने वाली ज्यादा घटनाएं होली यानी रंग-गुलाल खेलने के दौरान हुईं।

होली की छुट्टी के दौरान सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा को बहाल किया गया था, जिसका भरपूर उपयोग विभिन्न तरह की घटनाओं में घायल होने वालों के इलाज के लिए किया गया। 24 से 26 मार्च यानी तीन दिन में आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में 155 इलाज की जरूरत के साथ पहुंचे। रायपुर समेत राज्य में होली का माहौल 24 मार्च यानी होलिका दहन के दिन से नजर आने लगा था। होली की मस्ती के बीच कई तरह की अप्रिय घटनाएं भी होती रहीं, जिसमें लोगों के घायल होने के बाद इलाज के लिए डाक्टरों की आवश्यकता महसूस हुई। अस्पतालों में इमरजेंसी के साथ जरूरमंतदों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 108 संजीवनी सेवा को अलर्ट मोड पर रखा गया था। एंबुलेंस सेवा के लिए हर कॉल को गंभीरता से लेने और त्वरित एक्शन लेने की हिदायत दी गई थी। रायपुर समेत राज्य के अनुसार अन्य जिलों में आहत मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 108 संजीवनी एंबुलेंस घटनास्थल से लेकर नजदीकी मेडिकल कालेज के अस्पताल, जिला अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्रों तक दौड़ती रही। सूत्रों के अनुसार अस्पताल पहुंचने वालों में ज्यादातर लोगों होली की मस्ती के दौरान गाड़ी चलाने के दौरान गिरने-पड़ने वाले थे। मारपीट, हत्या जैसी घटनाएं बेहद कम रहीं।

#### होली खेलने के दिन हुई ज्यादा घटनाएं, आंबेडकर अस्पताल में 155 इमरजेंसी

#### 21 प्रकरण पुलिस के साथ

आंबेडकर अस्पताल के आपात चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय वर्मा ने बताया कि बीते तीन दिनों में यहां 155 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। इनमें 21 प्रकरण मेडिको लीगल केस यानी एमएलसी के थे। इन मामलों को पुलिस कर्मी लेकर अस्पताल पहुंचे थे। इसके अलावा 52 प्रकरण घटनास्थल से सीधे आए, 82 मरीजों को दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों अथवा अस्पतालों से प्राथमिक उपचार के बाद आगे इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया।



#### होली के दौरान इतने पहुंचे अस्पताल


| जिला | 24 मार्च | 25 मार्च | 26 मार्च |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 20 | 21 | 16 |
| बिलासपुर | 7 | 21 | 10 |
| दुर्ग | 14 | 21 | 16 |
| राजनांदगांव | 08 | 12 | 12 |

*(108 संजीवनी द्वारा सरकारी अस्पतालों तक पहुंचाए गए मरीज)*

#### सामान्य हुई व्यवस्था पर मरीज कम

छुट्टी खत्म होने के बाद सरकारी अस्पतालों में ओपीडी व्यवस्था बहाल हो चुकी है, मगर मरीजों की होली की खुमारी पूरी तरह नहीं उतर पाई है। सबसे बड़े आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में अभी भी सात से आठ सौ मरीज ही चिकित्सकीय जांच के लिए पहुंच रहे हैं। 13 सौ बिस्तरों वाले आंबेडकर अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या नौ सौ के करीब है। अनुमान लगाया जा रहा है कि सोमवार से ही कामकाज पूरी तरह सामान्य हो पाएगा।

# इंजीनियर के घर धावा बोलकर चोर ढाई लाख रुपए ले उड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- घटना मुजगहन थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर की

मुजगहन थाना क्षेत्र में चोर एक इंजीनियर के घर धावा बोलकर दिन दहाड़े ढाई लाख रुपए चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक कमल विहार डूंडा निवासी शुभम शुक्ला की शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया है। शुभम ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह होली मनाने परिवार सहित धमतरी स्थित अपने गांव कल्ले गया था। होली के बाद उनके बड़े भाई राहुल जो पेशे से इंजीनियर हैं, अपनी पत्नी के साथ घर लौट आए। मंगलवार दोपहर को राहुल की पत्नी ब्लड टेस्ट कराने लैब चली गई। घर में राहुल अपने कमरे में सो रहा था।

इसी दौरान अज्ञात चोर दरवाजा खोलकर घर के अंदर घुसे और घर के अंदर चम्मच तथा पेंचकस के माध्यम से अलमारी का ताला खोलकर लॉकर में रखी नकदी रकम पर हाथ साफ कर दिया।

# स्मार्ट पुलिसिंग को प्रमोट करने कॉप ऑफ द मंथ

- एक दर्जन पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ
- लापरवाही बरतने वाले तीन आरक्षक सस्पेंड किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




राजधानी में पुलिसिंग व्यवस्था बेहतर बनाने एसएसपी ने अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए पहल करते हुए कॉप ऑफ द मंथ की शुरुआत की है। इसी कड़ी में मार्च में अपराध की विवेचना करने के साथ अपराधियों को पकड़ने स्मार्ट पुलिसिंग का उदाहरण पेश करने वाले 12 पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ के लिए चुना गया है। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है।

जिन पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ के लिए चुना गया है, उनमें गोतस्करी के आरपोपियों को पकड़ने के साथ कफ सीरप की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय तस्कर को दिल्ली से गिरफ्तार कर लाने वाले पुलिसकर्मी शामिल हैं। साथ ही जिन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है, उनके द्वारा लंबे अरसे से अनाधिकृत तौर पर गैरहाजिर रहने का आरोप है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति माह कॉप ऑफ द मंथ पुरस्कार दिया जाएगा। इस पहल से पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को कार्य करने एक नई ऊर्जा मिलेगी।

#### इनाम के साथ फोटो चस्पा किया जाएगा

कॉप ऑफ द मंथ चुने गए कर्मचारियों को नगद इनाम एवं गुड सर्विस एंट्री व प्रशंसापत्र दिया जाएगा। इसके साथ ही उनके फोटो समस्त पुलिस कार्यालयों और जिले के सभी थाना व चौकी के नोटिस बोर्ड पर पूरे माह के लिए चस्पा किया जाएगा। इसकी वजह दूसरे पुलिसकर्मियों को अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करना है।

#### इन पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ

जिन पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ के लिए चुना गया है, उन पुलिस कर्मियों ने इन मामलों को सुलझाने के साथ आरोपियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उनकी सूची इस प्रकार से है..

- कोडिन सिरप की तस्करी करने के आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार लाने के लिए एसीसीयू के संतोष पुरिया, प्रधान आरक्षक सरफराज चिस्ती।
- आमानाका थाना क्षेत्र में गौ तस्करी के आरोपियों को पकड़ने महतवूपर्ण भूमिका निभाने वाले बच्चन ठाकुर।
- खमतराई थाना क्षेत्र में बच्चे का अपहरण मामले को सुलझाने के लिए आरक्षक सुदीप मिश्रा
- राखी थाना क्षेत्र में कारोबारी से मारपीट कर कार लूट मामले के लिए आरक्षक प्रीतम पुरेना।
- 70 लाख रुपए की बीमा धोखाधड़ी मामले को सुलझाने के लिए आरक्षक प्रमोद बेहरा के साथ बबीता देवांगन।
- ऑटो में छूटे बैग में कैश सहित साढ़े पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के ज्वेलरी बरामदगी के मामले में आरक्षक कुलदीप द्विवेदी।
- ट्रैफिक सिस्टम को बेहतर ढंग से संचालित करने हेड कांस्टेबल रेवेन्द्र मधुकर
- एसएसपी कार्यालय में कार्यालयीन कार्य को बेहतर तरीके से करने वाले एएसआई (अ) अनुभव जॉन।
- पुलिस लाइन के द्वारा सौंपे गए कार्य को बेहतरह तरीके से करने के लिए आरक्षक अखिलेश साहू।

# शहर के चारों तरफ वाटर रीचार्जिंग पाइंट तलाशने मई के बाद होगा सर्वे

- नगर निगम और एनआईटी के बीच होगा एमओयू, बनेगा डीपीआर
- रोड की डिजाइन सुंदर करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर शहर के चारों ओर वाटर रीचार्जिंग पाइंट की पड़ताल करने मई के बाद सर्वे होगा। नगर निगम और एनआईटी के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में यह सर्वे कराया जायेगा। इसके साथ ही भूजल संरक्षण के स्त्रोत विकसित करने समग्र योजना बनाई जायेगी। शहर में जलभराव वाले 8 चोक पाइंट ध्यान केन्द्रित करते हुए जल भराव से बचाव के उपाय ढूंढे जायेंगे। इसमें अरबन प्लानर की भी मदद ली जायेगी।

शहरी विकास गतिविधियों के निर्धारण के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान और रायपुर नगर निगम के बीच एमओयू होगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा और एनआईटी के डायरेक्टर एनवी रमन्ना राव और प्राध्यापकों के बीच एक अहम बैठक राजधानी में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र में जल भराव, जल निकास व्यवस्था जैसे चुनौतियों को दूर करने में आधुनिक तकनीकों का उपयोग सहित शहर के योजना निर्धारण संबंधी विषयों पर चर्चा हुई।



- जल भराव के 8 चोक पाइंट पर फोकस, ड्रेनेज पाइंट पर भी होगा काम

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बताया, एनआईटी के विषय विशेषज्ञों की देखरेख में शहरी विकास की योजनाओं पर मार्गदर्शन आधारित कार्ययोजना आने वाले दिनों में निर्धारित की जायेगी। राजधानी के जयस्तंभ चौक में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए तकनीकी जानकारों से सलाह मशविरा किया जायेगा।

इसके अलावा शहर में ड्रेनेज का पाइंट क्या हो, वाटर रिचार्जिंग पाइंट पर क्या किया जा सकता है, शहर की सड़कों को सुंदर कैसे करें, इसकी डिजाइन एनआईटी के एक्सपर्ट से बनवाकर कार्य कराया जायेगा।

#### पेयजल समस्या पर विषय विशेषज्ञ से राय

गर्मी के दिनों में शहर के विभिन्न इलाकों में पेयजल की समस्या और जल आपूर्ति की स्थिति को लेकर तकनीकी जानकारों से राय ली जायेगी। शहर में वाटर लेवल की वर्तमान स्थिति और पाइप लाइन डिस्ट्रीब्यूशन जैसे विषय भी इस योजना में शामिल करने की तैयारी है।

#### अंडर ग्राउंड सीवरेज सिस्टम को बताया जरूरी

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के तकनीकि विशेषज्ञों ने निगम आयुक्त के साथ हुई बैठक में रायपुर शहर के लिए अंडर ग्राउंड सीवरेज सिस्टम को जरूरी बताया है। ओपन सीवरेज सिस्टम से होने वाली परेशानी को बड़ी चुनौती मानते हुये इस पर समग्र रूप से कार्य करने पर सहमति बनी। टाउन प्लानर के साथ शहर के व्यवस्थित विकास को लेकर किस तरह की योजना बनाई जाये, इस बात को भी चर्चा का विषय बनाया गया। बैठक में एनआईटी के डायरेक्टर एनवी रमन्ना राव, प्रोफेसर डॉ. आरके त्रिपाठी, डॉ. जीडी रामटेकर, डॉ. समीर बाजपेयी, प्रो सान्याल सहित नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता इमरान खान शामिल रहे।

# दो साप्ताहिक विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़े 7 जून तक चलेगी दुर्ग-हटिया स्पेशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- हैदराबाद रक्सौल सिंकदराबाद का संचालन 2 जुलाई तक



यात्रियों की सुविधा के लिए दो अलग-अलग रूट पर चलाई जा रही साप्ताहिक विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। अब 29 मार्च तक चलने वाली दुर्ग-हटिया-दुर्ग सुपर फास्ट 27 जून तक संचालित होगी। इसी तरह हैदराबाद-रक्सौल-सिंकदराबाद तक जाने वाली ट्रेन 2 जुलाई तक आवाजाही करेगी। गर्मी के दिनों में यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए रेल प्रशासन विभिन्न रूट पर विशेष ट्रेनों का संचालन करता है। इसके माध्यम से यात्रियों को सफर के दौरान कन्फर्म बर्थ मिलने में आसानी होती है। यात्रियों के दबाव को देखते हुए दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29 मार्च तक किए जाने की घोषणा की गई थी। इस रूट पर अभी भी यात्रियों की संख्या अधिक है, जिसे ध्यान में रखते हुए ट्रेन का परिचालन का 28 जून तक किए जाने की घोषणा की गई है। इसी तरह हैदराबाद–रक्सौल-सिकंदराबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के अंतिम फेरा 30 मार्च को होना था, जिसे 2 जुलाई तक चलाने का फैसला लिया गया है। इस ट्रेन में 6 एसी थ्री, 2 एसी टू टायर, 1 एसी प्रथम कम एसी टू टायर, 10 स्लीपर, 2 सामान्य एवं 2 एसएलआर सहित 23 कोच शामिल हैं।

# सराफा व्यापारियों ने मनाया होली मिलन




**रायपुर।** सेठ नाथूराम होलिका उत्सव समिति की ओर से नाहटा मार्केट सदर बाजार में होली मिलन समारोह हुआ। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठजन, सराफा व्यापारी, विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। समिति के संयोजक हरख मालू ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठजन, सराफा व्यापारी, विभिन्न समाजों के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री मालू ने बताया सदर बाजार में होलिका उत्सव एकादशी से प्रारंभ होता है।

# गर्मी का मौसम आते फिर नियंत्रण में आया कोरोना, राज्य में केवल नौ एक्टिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ठंड के मौसम में सर्दी-खांसी के रूप में सामने आया कोरोना का मामला गर्मी की शुरुआत होने के साथ नियंत्रण में आ गया है। रायपुर समेत चार जिलों इस वायरस के 9 एक्टिव मामले हैं और शेष 29 जिलों में इनकी संख्या शून्य हो चुकी है। गर्मी का मौसम आने के बाद मौसमी बीमारी की समस्या भी अब समाप्त हो चुकी है। कोरोना के मामलों में उछाल दिसंबर-जनवरी में आया था। इस दौरान रायपुर समेत अन्य जिलों में प्रकरण मिलने लगे थे। विशेषज्ञों के अनुसार कोरोना के जो केस सामने आ रहे थे, उनकी समस्या सर्दी-खांसी जैसी थी। दूसरे राज्यों में इस वायरस का नया म्यूटेंट मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला सक्रिय हुआ और मिलने वाले केस की जीनोम सीक्वैसिंग कराई गई। यहां भी वायरस ने अपना रूप बदला था, मगर तक यह स्पष्ट हो गया था कि वायरस ज्यादा घातक नहीं है। विभागीय चिकित्सकों ने चैन की सांस ली, मगर लगातार आने वाले मामलों को देखते हुए उनके द्वारा सावधानी बरतने की नसीहत दी जाती रही। अब गर्मी का दौर शुरू होने के बाद कोरोना के मामले में भी गिरावट आने लगी है। राज्य में इस संक्रमण के मामले घटकर दस से कम हो चुके हैं, जिनके आने वाले दिनों में ठीक होने का अनुमान है। विभागीय प्रवक्ता डॉ. डीके तुर्रे के मुताबिक नियमित होने वाले जांच में संक्रमण के मामले मिलते रहेंगे, मगर अब गंभीरता बहुत अधिक नहीं है। हालांकि लोगों को अभी भी इस मामले में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

#### कोरोना से एक मौत

इस सीजन में दूसरी तरह की गंभीर बीमारी से पीड़ित होने वाले करीब आधा दर्जन लोग मृत्यु के दौरान कोरोना संक्रमित पाए गए थे। वहीं एक ऐसे मरीज ने दम तोड़ा था, जिसे सर्दी-खांसी की शिकायत भी नहीं थी। जीपीएम जिले के इस मरीज को गंभीर स्थिति में इलाज के अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी मृत्यु हो गई थी।

**खबर संक्षेप**



## टोंगोपानीकला में श्रीमद भागवत कथा शुरू

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम टोंगोपानी कला में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कथावाचक पंडित नितेश शर्मा, खिलावन प्रसाद तिवारी, परायणकर्ता पंडित सनत शर्मा, संगीतकार भारत चक्रधारी है। यह कार्यक्रम गणेशराम साहू के निवास स्थान पर आयोजित है। पहले दिन गाजे बाजे के साथ स्वागत एवं कलश यात्रा निकाली गई। जहां सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## मनीष दबास एवं रामप्रभु उदय व्यय प्रेक्षक होंगे

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए मनीष कुमार दबास (आईआरएस 2014) व रामप्रभु उदय आर (आईआरएस (सीएंडसीई) 2016) को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया। दबास सरायपाली, बसना, खल्लारी एवं महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लिए तथा उदय राजिम, बिंद्रानवागढ़, कुरूद एवं धमतरी विधानसभा क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक होंगे।

## धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन 31 को

**धमतरी।** जिला धोबी समाज भखारा परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन त्रिकुटी धाम कोसमर्रा में 31 मार्च को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। इस अवसर पर विवाह योग्य बेटा बेटी भी अपना मनपसंद जीवनसाथी चयन करने के लिए परिचय देंगे। अगर रिश्ते तय होते हैं तो दोनों पक्षों की सहमति से विवाह कराया जाएगा। कार्यक्रम के अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, विधायक अजय चंद्राकर, समाज के वरिष्ठ नेता तुलसी कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष धमतरी जिला संगठन प्रभारी कार्तिकराम निर्मलकर, संरक्षक धर्मलाल निर्मलकर होंगे।

**चुनाव : गांड़ा समाज नगर इकाई का हुआ निर्वाचन**

# गांड़ा समाज नगर इकाई के अध्यक्ष बने थनवार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा**



छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज के नगर इकाई बागबाहरा के कार्यकारिणी निर्वाचन के लिए विकासखंड अध्यक्ष हीराराम नेताम द्वारा निर्वाचन नियमावली के अनुसार बैठक आहूत की गई। जिसमें निर्वाचन दल के रूप में आसाराम मोंगरे, परसराम सोनवानी, यशवंत विभार, हनुमंत नाग, हेमंत टांडे आदि परिक्षेत्र अध्यक्षों को नियुक्त किया गया।

ज्ञात हो कि इससे पूर्व छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज के नियमानुसार 19 मार्च तक मतदाता सूची का प्रकाशन, 21 एवं 22 मार्च को नामांकन फॉर्म भरने, 23 मार्च को नाम वापसी सभी प्रक्रिया पूर्ण हो चुका था। नामांकन फार्म निर्वाचन प्रभारी गजानंद टांडे के समक्ष केवल एक प्रत्याशी निवर्तमान अध्यक्ष थनवार कुलदीप ने ही भरा था। अतः बैठक में निर्वाचन दल के अधिकारियों ने थनवार कुलदीप को नगर इकाई बागबाहरा का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होना घोषित किया। वही नगर इकाई के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष के अनुशंसा पर देवकुमार टांडे को उपाध्यक्ष, पुलस टांडे को सचिव, कोषाध्यक्ष- गजानंद टांडे, सह सचिव ईश्वर सोनवानी एवं धनीराम महानंद, सलाहकार रूपलाल टांडे, संरक्षक गोकुल टांडे, कृतराम जगत, पंच हेमसिंह बघेल, भूखन महानंद, राजू महानंद, संतराम महानंद, तुलाराम जगत, नेहरू टांडे, धनीराम महानंद, बिनोद महानंद, तुलसीराम सुरमणि, आसकरण सुरमणि, समाज सेवक दौलत पांडे को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप ने अपने वक्तव्य में कहा कि नगर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी पूर्ण समर्पित होकर काम करेंगे। नगर में जो लोग नहीं जुड़ पाए हैं उन्हें भी समाज के मूल धारा में जोड़ा जाएगा। वहीं नेताम ने कहा कि हम सभी को उम्मीद है कि वर्तमान नगर कार्यकारिणी पूरी क्षमता के साथ काम करेंगे एवं नगर में जो काम अधूरा है जैसे सामाजिक भवन निर्माण आदि को पूर्ण करने में विकासखंड कार्यकारिणी का पूर्ण सहयोग करेंगे।

### वार्षिक महासम्मेलन में करेंगे प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

निर्वाचन कार्य पूर्ण होने के पश्चात ब्लॉक परिषद की बैठक हुई। जिसमें अंतर्जिला समन्वय समिति के नियमों को कड़ाई से लागू करने, ऑनलाइन पारिवारिक सर्वे में सहयोग करने, संगठन अर्थात समाज के विरुद्ध कार्य करने वाले लोगों का चिन्हांकन कर विकासखंड कार्यकारिणी को प्रेषित करने, शव यात्रा में कफन के स्थान पर सहयोग राशि देने, दशकर्म में कलेवा वितरण ना करने एवं विसराहा नेग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित हुआ। साथ ही विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक महासम्मेलन कराने, विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत दसवीं एवं 12वीं के बच्चों को प्रोत्साहन राशि एवं अलंकरण से विभूषित करने एवं विभिन्न क्षेत्रों जैसे समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, कला, संस्कृति एवं साहित्य ,उत्कृष्ट कार्य आदि के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मान करने आदि का निर्णय लिया गया। बैठक में विकासखंड कार्यकारिणी से उपाध्यक्ष गौरी टांडे एवं राजू टांडी (सचिव नर्रा), कोषाध्यक्ष अवधेश टांडे, सदस्य टेकराम सूरजाल, मतदान दल के रूप में परिक्षेत्रों के अध्यक्षगण, गांजर सचिव कुमार बघेल, खैरट सचिव हन्नसिंह नेताम, गोपी कुलदीप, वासुदेव टांडे, किशन सोनवानी, हेमनारायण, प्रकाश, सुरेश, पन्नालाल, महेंद्र आदि उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी नगर सचिव पुलस टांडे ने दी।

# न्योता भोज में बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा**



स्कूल में आयोजित न्यौता भोज में गणमान्य नागरिक, आसपास स्कूलों के शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने भी बच्चों के साथ बैठकर न्योता भोज किया। सभी बच्चों से भानु साहू ने उनकी पसंद के व्यंजन पूछे और परोसते हुए खीर-पूड़ी पापड़ दिया गया। भोजन करते समय और उसके बाद बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। यह देख आम नागरिकों ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी को जोर देने और पोषक तत्वों की मात्रा में वृद्धि करने की यह व्यवस्था सराहनीय है।

■ **सामुदायिक भागीदारी को जोर देने और पोषक तत्वों की मात्रा में वृद्धि**

संकुल समन्वयक अमृत लाल भारद्वाज ने कहा संस्कृत के सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात शुभ कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए। एक ऐसे ही शुभ कार्य के लिए शीघ्रता से पहल करते हुए प्रधान पाठक संगीता पटेल शासकीय प्राथमिक शाला लाहोद गांव के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन कर मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त अन्य व्यंजन परोसा और खुद बच्चों के साथ भोजन किया। दरअसल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण-आहार मिल सके। प्रदेश में यह आदेश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने हाल ही में जारी किया है। जिसे अमल में लाते हुए बच्चों के खान-पान में पोषण आहार की मात्र बढ़ाने लाहोद में अभिनव यहां बच्चों को दैनिक रूप से परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन के दाल-भात,सब्जी के अलावा पापड़, खीर पूड़ी परोसा गया। व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे। खीर-पूड़ी,मिठाई, पापड़ आदि व्यंजन परोसा जा सकता है।

### पौष्टिक भोजन व मौसमी फलों का करें दान

इस अवसर पर संकुल प्रभारी कौसिक मुनि त्रिपाठी समन्वयक अमृत लाल भारद्वाज प्रधानपाठक संगीता पटेल साहयक शिक्षक वेद प्रकाश पटेल रोहित पटेल सरोज कुमार पटेल माहेश्वरी टंडन कुंती पटेल नमिता साहू हरबाई बघेल भानु साहू उपस्थित रहे। इस अवसर शासकीय प्राथमिक साला लाहोद के प्रधान पाठक संगीता पटेल ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षण को स्कूल के बच्चों के साथ मनाएं। उन्हें इसी प्रकार से न्योता भोज दें। उन्हें इस प्रकार का भोजन करा सकते हैं या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं।

## अघरिया महिला मंच का होली मिलन समारोह हुआ

**सरायपाली।** होली से पूर्व अघरिया महिला मंच द्वारा अघरिया हॉस्टल में होली मिलन समारोह, उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इष्टदेव कृष्ण के पूजन अर्चना कर तथा गुलाल चढ़ा कर किया गया। तत्पश्चात सभी महिलाओं द्वारा एकदूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई। पश्चात सभी महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर गेम रखा गया था। जिसमें राधा पटेल प्रथम स्थान और विमला नायक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पश्चात होली के विभिन्न गानों पर मनीषा चौधरी, राधा पटेल, दमयंती नायक और जयमिनी पटेल, विमला नायक, लक्ष्मी नायक, प्रेमलता नायक, मंजू चौधरी, माधुरी पटेल, जनक कुमारी पटेल द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय उपाध्यक्ष गैसमोती पटेल कार्यक्रम की मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही तथा होली मिलन समारोह में शामिल समस्त महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रंगों के त्यौहार होली में होली मिलन समारोह का आयोजन करना तथा सामाजिक महिलाओं का एक साथ इकट्ठे होकर होली मनाना यह सामाजिक एकता का प्रतीक है। अतिथि के रूप में उपस्थित सुनीता त्रिलोचन पटेल ने भी सभी महिलाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर कमला पटेल, विमला पटेल, सरोज चौधरी, सुनीता पटेल, देवकुमारी पटेल, सुषमा पटेल, अनुपमा पटेल, लोचन पटेल, राधा नायक, रेखा पटेल उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम में अघरिया हॉस्टल अधीक्षिका दीपिका पटेल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सुलोचना नायक ने किया।

## नाचा गम्मत के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**नर्रा।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत रजीत चक्रधारी कृत कका भतीजा सराईपाली (कोमाखान) के कलाकारों द्वारा गांव गांव में मतदाता जागरुकता सहित शत प्रतिशत मतदान के लिए गांव-गांव में लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक एवं जोकर गम्मत के माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान एवं अपने मत का सही उपयोग करने प्रेरित करने का कार्य कर रही है। कका भतीजा नाचा गम्मत के



संस्थापक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजित चक्रधारी ने बताया कि उनके संस्था द्वारा अनेक प्रकार की जन-जागरुकता का कार्यक्रम को अपने नाचा गम्मत मंच के माध्यम से प्रस्तुतिकरण करते हैं। जिसमें प्रमुख रूप नशा उन्मूलन, अंधविश्वास, दहेज कुप्रथा, सड़क सुरक्षा, विधवा विवाह, बाल विवाह, शासन, प्रशासन की बहुत सारी महत्वकांक्षी योजना को मंच के माध्यम से लोगों के बीच में प्रस्तुतिकरण कर लोगों को प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं।

**निधन**

### भारत निर्मलकर

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी निवासी



भारत निर्मलकर (68) का बुधवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को मुक्तिधाम किया गया। वे बल्ला एवं सालिक निर्मलकर के पिता व भोला, परमेंद्र निर्मलकर के दादा थे।

## लोकतंत्र को बचाने जुट जाएं: अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष का जीवित रहना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि, विपक्ष लोकतंत्र में सार्वजनिक हितों व जनहितों प्रहरी के रूप में काम करता है और सरकार की उन नीतियों और कार्यक्रमों की आलोचना करता है जो जनता की भलाई के अनुरूप नहीं हैं। विपक्ष सरकार को निरंकुश प्रवृत्तियों के प्रति सचेत करता है, यह सुनिश्चित करता है कि सरकार संविधान के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करें। अंकित ने



कहा है कि कि भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए विपक्ष को निशाना बनाने में लगी है और अपनी विपक्षी पार्टियों के राजनेताओं के खिलाफ लगातार केंद्रीय एजेंसियों से कार्रवाई करवा लोकतंत्र को खत्म कर देना चाहती है। इसकी जगह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में बढ़ रहे अपराधों की रोकथाम करना चाहिए। एनसीआरबी के अनुसार अपराध के आंकड़े देश की राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे है और 2022 में लगभग 3 लाख मामले थानों में दर्ज किए गए।

# कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को जूनियरों ने दी विदाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा**

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला वरोरा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा आठवीं के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही वर्षभर शाला में आयोजित गतिविधियों में सहभागी छात्र- छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन समिति के अध्यन विजय शर्मा, विधायक प्रतिनिधि हरेन्द्र गुप्ता शिक्षाविद सुरेश कुमार साहू और शाला के प्रधान पाठिका



सुशीला वर्मा के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा वंदना के साथ किया गया। विदाई समारोह में कक्षा आठवी के बच्चों के द्वारा शाला में अपने अनुभव को साझा किये और कक्षा 7 वीं 6वीं के बच्चों के द्वारा कलम से भेंट कर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में सुश्री नीलम वर्मा, शिक्षिका द्वारा विदाई गीत उतना ही संग था हमारा तुम्हारा प्रस्तुत किया गया।

सुरेश कुमार साहु द्वारा बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व को बताया गया। साथ ही प्रधानपात्रिका मैडम द्वारा अच्छी यादों को सहेजकर रखने के लिए प्रेरित किया गया।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में संतोष साहू, सरस्वती देवांगन, निभा साहू एवं स्टाफ के शिक्षक जोरा पाध्याय, रमेश कुमार वर्मा, चन्द्रशेखर साहू, प्रीति वर्मा, डी एन शर्मा, रामकरण वर्मा ,एस ग्वाल, सोनबती यादव आदि उपस्थित थे।

**कोर कमेटी और प्रबंधन समिति की हुई बैठक**

# सुशासन और संपूर्ण विकसित भारत के लिए जरूरी है मोदी की सरकार: जामवाल






**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

भाजपा कार्यालय में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और महामंत्री संगठन पवन साय की उपस्थिति में महासमुंद और खल्लारी विधानसभा कोर कमेटी, प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आगामी लोकसभा चुनावों के संदर्भ में हुई। इस बैठक के पूर्व मार्गदर्शन के लिए उपस्थित क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, महामंत्री संगठन पवन साय की उपस्थिति में सांसद चुन्नीलाल साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, लोकसभा सहप्रभारी पंडरिया विधायक भावना बोहरा, सम्भाग सह प्रभारी जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, सह संयोजक संतोष उपाध्याय, जिला सहप्रभारी संध्या परगनिहा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा मौजूद रहे।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के विकास कार्यों और जनहित में समर्पित योजनाओं को लेकर हमें बूथ स्तर पर जाना होगा। संगठन मंत्री जामवाल ने कार्यकर्ताओं को केंद्र की भाजपा सरकार के योजनाओं और महत्वपूर्ण उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी।

महामंत्री संगठन पवन साय ने भी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से दिए गए सारगर्भित मार्गदर्शन में कहा कि जनसंघ के जमाने से महज 2 सीट से शुरू हुआ हमारा ये सफर आज इस जगह पर उपलब्धि के रूप में है तो इसका सारा श्रेय आप जैसे समर्पित, जुझारू और परिश्रमी कार्यकर्ताओं को जाता है।

बैठक में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, परेश बागबाहरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, महासमुंद विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, सह संयोजक संदीप दीवान एवं खल्लारी विधानसभा के कोर कमेटी प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य महासमुंद विधानसभा के मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, श्याम साकरकर, पप्पू पटेल, धरम पटेल, खल्लारी विधानसभा मंडल अध्यक्षगण प्रेम साहू, प्रीतम साहू, धरम दीवान, सागर चंद्राकर, पीलेश्वर पटेल आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने किया।

## जागरुकता रैली एवं स्वीप गुड मॉर्निंग महासमुंद 30 को

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदान जागरुकता रैली एवं स्वीप गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन शनिवार 30 मार्च 2024 को प्रातः 7:30 बजे से 8:30 बजे तक किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति एस आलोक द्वारा संबंधित विभाग के प्रमुखों को मतदान जागरुकता रैली एवं स्वीप गुड मॉर्निंग के गतिविधियों के संपादन के लिए निर्देशित करते हुए जिम्मेदारी सौंपा गया है।

## पटेवा में रुपकुमारी का युवाओं ने किया स्वागत

**पटेवा।** पटेवा पहुंचने पर भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी का युवाओं ने स्वागत किया। श्रीमती चौधरी ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर लोगों के सुखी रहने की प्रार्थना की। इस दौरान भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर विक्की शर्मा और मनोहर साहू के नेतृत्व में गजेंद्र, ईशु, तेजेश्वर, वासु, पोखराज, जितेंद्र, रमा, यशवंत, पप्पू,भोज, टीकाराम पटेल सरपंच तेंदुवाही, तीरथराम दीवान, गब्बर नेताम, मो.नबी व 25 लोगों ने भाजपा प्रवेश भी किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, मोती साहू, राकेश चंद्राकर, गणेश नायक, ललिता अग्रवाल, डॉ विमल चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, डॉ सोमनाथ सिन्हा, सुनील पटेल, विकास अग्रवाल, धीरेंद्र



गिरी, बूथ अध्यक्ष राजू शुक्ला, महामंत्री चंद्रहास चंद्राकर, उपाध्यक्ष राकेश साहू, संपत पटेल, रूपलाल पटेल, धरम साहू, रूखमणि साहू, सरस्वती साहू, लाला राम साहू, जितेंद्र साहू, पवन यादव, रेखराज साहू, मोतीलाल ध्रुव, शोभू पांडे, लोकनाथ सेन, रामेश्वर गब्बर साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, लखन साहू सरपंच भावा, शिव साहू, नरेंद्र सिन्हा, नारायण साहू, जोहन निषाद, देवलाल साहू, भोजराम साहू के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए प्रखर



**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम खरखरी में ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य शिव मंदिर का निर्माण किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान ग्राम की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। गाजे-बाजे एवं कीर्तन के साथ ग्रामवासी पुराने तालाब जल भरकर मंदिर प्रांगण में पहुंचे। ग्रामीणों के आमंत्रण पर संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल भी उक्त कार्यक्रम में पहुंचे एवं यात्रा में सम्मिलित हुए। समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा कीर्तन का पाठ विभिन्न ग्रामों से आए कीर्तन मंडलियों द्वारा किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में समिति के सदस्य तुषार सेन, प्रखर शर्मा, तरुण गड़तिया, अभिनय शाह एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**पेज 11 के शेष**

### 30 हजार का...

सुबह 8 बजे के मध्य ग्राम खोखली आकाश पल्सेस में किसी अज्ञात चोर द्वारा मिल के पीछे शेड से प्रवेश कर 400 फीट 16 एम.एम. कॉपर वायर एवं 3 नग मोटर को चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना में अपराध कमांक 198/2024 धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर संहेदी रूपेन्द्र सिंग पिता समहर सिंग उम्र 24 साल निवासी गोराटोला थाना बेनीबारी जिला अनुपपुर मप्र को तलब कर पूछताछ की गई। जिन्होंने जुर्म करना स्वीकर किया। इस पर विधिवत मेमोरेण्डम लिया गया। आरोपी से चोरी गई 3 नग मोटर एवं तांबा वायर को उसकी निशान देही पर बरामद किया गया। आरोपी को 28 मार्च को गिरफ्तार, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### बुडगहन विद्यालय में ...

बालूशाही पापड़ ,अंगूर , कढ़ी शामिल किया गया । आयोजन पूर्णतः शानदार रहा और अनेक लोग इससे प्रेरित भी हुए। विद्यालय में अध्ययनरत 130 विद्यार्थियों सहित 50 शिक्षक शिक्षिका, जनप्रतिनिधिगण, अन्य गणमान्यजन सहित लगभग 180 नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बुडगहन के रामसनेही वर्मा, अश्वनी बघेल, रामेश्वर वर्मा, हरिश्चन्द्र वर्मा, भूषण लाल वर्मा जी, रोहित वर्मा, संकुल समन्वयक भडहा आर.डी. साहू , रेखा चौहान, प्राथमिक शाला सुंदरा के ग्रिजेश साहु, पद्मिनी साहू , लक्ष्मी वर्मा संतराम पारधी , माधव चंद साहू जी, विद्यालय के शिक्षक मुकेश नायक, ममता गिलहरे, विरेन्द्र टंडन, सुरेश रात्रे, सफाई कर्मचारी पकलू बंजारे, गजेंद्र यादव , प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक से सभी शिक्षक शिक्षकों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भोजन निर्माण करने व परोसने में विद्यालय में कार्यरत रसोईया लोगो का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।'

## खबर संक्षेप



### जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बीकेबाहरा में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर लगाकर जागरुकता कार्यक्रम किया गया। जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को लोगों को बताया गया। मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बीकेबाहरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला के शिक्षकगण उपस्थित रहे। लोकेश ठाकुर सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।

### राशन कार्डधारियों को मिलेगा अप्रैल एवं मई का एकमुश्त राशन

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राशन कार्डधारकों को दो माह अप्रैल और मई 2024 के लिए चावल एकमुश्त वितरण किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। यह वितरण माह अप्रैल 2024 में किया जाएगा। जिले के सभी राशन कार्डधारकों को माह अप्रैल एवं मई के लिए पात्रता अनुसार चावल का आबंटन एकमुश्त उचित मूल्य के दुकानों से किया जाएगा। इसके लिए चावल एवं अन्य राशन सामग्री, आवश्यक वाहनों की व्यवस्था एवं भंडारण हेतु संबंधित ग्राम पंचायत/नगरीय क्षेत्र में सुरक्षित भंडारण स्थल चिन्हांकन व राशन सामग्री का सुरक्षित भंडारण करने कहा है। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देश में दो माह की चावल वितरण की सूचना सभी राशन कार्ड धारियों को ग्राम पंचायत/वार्ड में मुनादी कराकर, मीडिया के माध्यम से, अन्य प्रचार-प्रसार माध्यम से करने कहा है। चावल को छोड़कर शेष राशन सामग्री भी शक्कर, नमक, केरोसिन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना माहवार पात्रतानुसार वितरण होगा।

### खट्टी के सोनई-रुपई मंदिर में नवरात्र की तैयारी शुरू



**महासमुंद।** ग्राम खट्टी के सोनई-रुपई मंदिर में नवरात्र पर्व की तैयारी शुरु हो गई है। यहां मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए जाएंगे। जय मां सोनई-रुपई मंदिर समिति की ओर बताया गया है कि 9 अप्रैल को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के मौके पर घटनास्थापना, शैलपुत्री बेदी पूजन 11.26 बजे से दोपहर 12.24 बजे तक, पंचमी 13 अप्रैल को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन सुबह 8 बजे, 16 अप्रैल को महागौरी पूजन शाम 4 बजे होगी।

# मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के साथ उपलब्ध कराई जाएं बुनियादी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- रुट चार्ट के साथ रैंप, लाइट आदि की भी व्यवस्था बनाएं

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के वेबकास्टिंग मतदान केंद्रों के नोडल अधिकारियों और सभी सेक्टर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

यह बैठक मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग और बुनियादी सुविधा सुनिश्चित असियोर्ड मिनिमम फैसिलिटी, एएमएफ पर केंद्रित थी। बैठक में कलेक्टर ने वेब कास्टिंग के लिए मोबाइल कंपनियों का टावर, केबल, पेयजल, मतदान दल के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था, सभी मतदान केंद्रों के बाहर लेखन कार्य, संकेत सूचक, खिड़की दरवाजा शौचालय, वोटर बूथ, हेल्प डेस्क मतदाता सहायता कक्ष, रूट चार्ट, टेबल, बिजली, दिव्यांग मतदाताओं हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था, महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, महावीर चौहान सहित समस्त सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर धर्मेश कुमार ने नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों की ली बैठक

### मतदान केंद्रों में बनाएं बुनियादी सुविधाएं

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सेक्टर अधिकारियो को मतदान केंद्रों में भौतिक निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने कहा। सुनिश्चित बुनियादी सुविधा अंतर्गत मतदान केंद्रों में संकेत–सूचक, व्हीलचेयर या अन्य वाहनों से आने वाले दिव्यांगजनों के लिए पार्किंग जो रोड से दिखाई दे प्रवेश के पश्चात कतार का संकेत देने वाला तीर का निशान, मतदान कार्मिकों को संकेत देने वाला तीर का निशान पुरूष महिला शौचालयों के लिए संकेत, दिव्यांग मतदाताओं हेतु शौचालयों के लिए संकेत, पीने के पानी के लिए संकेत चिंह है।

### शौचालय की हो व्यवस्था

मतदान केंद्र में पुरूष और महिला मतदाताओं के लिए अलग–अलग शौचालय उपलब्ध हैं। क्या शौचालय दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल हैं, क्या शौचालयों में नल का पानी उपलब्ध है। यदि नल के पानी की सुविधा नहीं है तो क्या व्यवस्था की गई है? पीने का पानी, क्या पीने के पानी की सुविधा है। अलग–अलग प्रवेश एवं निकास द्वार, क्या मतदान केन्द्र में अलग–अलग प्रवेश एवं निकास द्वार बनाए गए हैं। यदि अलग–अलग प्रवेश एवं निकास द्वार नहीं हैं, तो क्या बीच में रस्सी लगाकर प्रवेश और निकास को अलग–अलग किया जा सकता है। प्रकाश, दो प्लग पॉइंट के साथ बिजली का कनेक्शन, कम से कम 1 पंखा, 2–3 ट्यूबलाइट्स, फर्नीचर, क्या पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध है? जिस मेज पर बैलेट यूनिट रखी गई है, उसकी ऊंचाई इतनी हो कि वह उस तक पहुँच सके, व्हीलचेयर के लिए मेज के आस–पास आने–जाने की पर्याप्त जगह होनी चाहिए आदि शामिल थे।

## दबंगई: शिकायत पर पहुंची पुलिस, उसके पहले हो गया गायब


# फरार आरोपी ने होली के दिन गांव के युवक पर बंदूक तानकर दी जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवा

शिवा फरार होने के बाद भी विलेन की तरह आकर अपने ही गांव के युवक पर पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी दी है। फरार शिवा 25 मार्च को अपने गांव आकर होली भी मना ली और पुलिस को पता भी नहीं चला। वही प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले कुछ दिनों से शिवा के खुलेआम घूमने और अपने गृह ग्राम रायकोना में अपने निवास में ही रहने की चर्चा जोरों पर थी।

जानकारी के अनुसार शिवा साहू एवं उसके गुर्गों ने गांव के ही बृज साहू के भतीजे को काले रंग की पिस्टल दिखा और तानकर जान से मार देने की धमकी दी। प्रार्थी ब्रज साहू के भतीजे ने थाना सरसींवा पहुंचकर इस बात की शिकायत की। शिकायत मिलते ही पुलिस टीम रायकोना गांव पहुंची, जहां से शिवा साहू एवं साथी गायब हो चुके थे। टीम शिवा के एक साथी मिथलेश साहू एवं मुख्य ठग के पिता टीकाराम को पकड़ने में कामयाब रही। टीम ने मौके पर पहुंच कर शिवा साहू के अलग अलग नाम पर ली हुई लग्जरी गाड़ियां कार एवं मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर, पिकप, जेसीबी को जब्त कर थाने लाने की बातें कहीं जा रही हैं। प्रार्थी के अनुसार 25 मार्च को शिवा के पिता उसके घर के सामने होली की बधाई देने आए थे। वे बात कर रहे थे तभी कुछ समय उपरांत बीएमडब्ल्यू कार में फरार आरोपी शिवा साहू वहां पहुंचकर गालीगलौज करने लगा। इसके बाद गांव के ही कुछ लोगों पर मीडिया और पुलिस से मिलीभगत का आरोप लगाते एक काले रंग की पिस्टल निकाल कर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी ने सूझबूझ दिखाते हुए जान बचाते हुए थाना सरसींवा आकर सारी बातें बताई। जहाँ से पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम लेकर रायकोना पहुंची। तब तक शिवा साहू अपने अन्य साथियों को लेकर फिर से गांव से गायब हो चुका था। पुलिस टीम ने शिवा के घर पहुंचकर खोजबीन की। टीम द्वारा शिवा के घर से दर्जनों लग्जरी गाड़ियां, ट्रैक्टर और पिकप को बरामद किया गया है।

## पुलिस ने मामला दर्ज कर की कार्रवाई







### दो को पकड़ा गया, वाहन किए गए जब्त

विभाग के अधिकारी एडिशनल एसपी कमलेश्वर चन्देल ने पत्रकारों से चर्चा में सिर्फ एक वजनदार बंदूकनुमा नकली गन, कुछ लग्जरी गाड़ियों की बरामदगी की बात कही। होली के दिन रायकोना गांव के निवासी ब्रज कुमार साहू पिताअच्छे राम साहू को गाली–गलौच करने और नकली पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले शिवा साहू, डिगम सतनामी और एस कुमार साहू के खिलाफ सरसींवा पुलिस ने अपराध क्रमांक 161,2024 में भादवि 394,34,506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। एसडीओपी विजय ठाकुर एवं थाना प्रभारी टीकाराम खटकर ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि शिवा साहू के सरगने में शामिल एक आरोपी मिथलेश साहू व मुख्य आरोपी के पिता टीकाराम साहू को भी पुलिस ने गिरफ्त में लिया गया है। मिथलेश का कहना है कि शिवा अपने रहस्य किसी से नही बताता है। मिथलेश साहू ने कहा कि वह सिर्फ उसके साथ रहता था। उसके बताये अनुसार काम करता था। मुझे शिवा के कार्य के बारे में ज्यादा कुछ मालूम नहीं है। शिवा ने मेरे लिए कुछ लग्जरी गाड़ियां कार, मोटर सायकिल ली थी। वही शिवा ने फरारी के बाद रायकोना निवासी के पास लोगों को पैसे बांटने के लिए करोड़ों रुपए की रकम छोड़ी थी। इस विषय में कमलेश्वर चंदेल एडिशनल एसपी सारंगढ बिलाईगढ़ ने बताया कि हाँ शिकायत आई हुई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई जारी है। कुछ गाड़ियां जब्त की गई है आगे जो भी कार्रवाई होगी, जानकारी दी जाएगी। शिवा साहू के एक साथी और पिता की गिरफ्तारी हुई है। पूछताछ भी की गई है और देर रात्रि तक अलग अलग ठिकानों में छापेमारी कर बहुत से वाहन जब्त भी किए गए है। इस विषय पर विजय ठाकुर एसडीओपी बिलाईगढ़ ने बताया कि शिवा के बैंक खातों को सीज किया गया है जिसमें अब तक करोड़ों रुपए हैं। वही किसी प्रकार का ऑनलाइन शेयर मार्केट या क्रप्टो करेंसी संबंधी लेनदेन का कोई भी सुराग नहीं मिला है। इसके बाद ही समस्त तथ्यों का पूर्ण रूप से खुलासा हो पाएगा। सरसींवा थाना प्रभारी टी आर खटकर ने बताया कि अभी कार्रवाई जारी है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे और समस्त बातों का खुलासा होगा। इन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की है कि इस मामले से सम्बंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी हो तो वे थाना सरसींवा आकर सूचित करें।

# विद्यार्थियों को विदाई के साथ कराया गया न्यौता भोज



- शासकीय प्राथमिक शाला पथराकुंडी में आयोजन

**खरोरा।** संकुल केंद्र कठिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पथराकुंडी में पांचवीं के विद्यार्थियों को विदाई के साथ नेवता भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानपाठक गणेश राम देवांगन एवं शिक्षक प्रेम प्रकाश डहरिया, हाई स्कूल कठिया के प्राचार्य जीपी वर्मा द्वारा सरस्वती मां की तस्वीर का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य जीपी वर्मा ने पांचवीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में मिलना बिछुड़ना लगा रहता है। सभी को अपने साथियों से पढ़ने लिखने के सिलसिले में बिछुड़ना पड़ता है, यही जीवन का क्रम है। मिडिल स्कूल कठिया के प्रधान पाठक उदेराम वर्मा तथा राजेंद्र कुमार वर्मा ने न्योता भोज के आयोजन पर संयुक्त रूप से कहा कि शासन के इस महत्वाकांक्षी योजना से विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एक दूसरे से तथा समुदाय के लोगों से घुलते मिलते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लड्डू, जलेबी, गुलाब जामुन, केला आदि के साथ–साथ खीर पुरी की दावत उड़ाई। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी धीरेंद्र वर्मा द्वारा दी गई।

### ये हुए शामिल

इस अवसर पर मिडिल स्कूल कठिया के शिक्षक सी एस वर्मा, मनहरण लाल ध्रुव, संकुल कठिया के शिक्षक अनिल कुमार पैकरा, , बी एल बंजारे, राजेश यदु, विधायक प्रतिनिधि गैंदलाल सोनवानी, दशरथ मिरी, सदस्य चुम्मन लाल, बुधराम बंजारे, मधु बाई, अंगेश्वरी बाई तथा आंगनबाड़ी सहायिका उजलेश बाई सोनवानी उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनी होली, जमकर उड़े रंग- गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

- सुहेला में विधिविधान से की गई पूजा-अर्चना
- फागगीत ने जमाया रंग, जमकर झूमे लोग

ग्राम में होली का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाया गया। ग्राम सुहेला में होलिका दहन निर्धारित शुभ मुहूर्त में किया गया विधिपूर्वक पूजा पाठ कर किया गया। ग्रामवासी 5 गोबर के कंडे, नारियल, कपूर, धूप, फूल आदि से पूजा कर 5 परिक्रमा करते चावल अर्पित किया। ग्रामीणों ने बताया कि उपरोक्त विधि से पूजा करने से घर परिवार में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आती है वायरल इन्फेक्शन बीमारी से बचाव होता है। होली पर्व में होलिका दहन विधि पूर्व मनाना चाहिए। ग्रामीण होलिका की राख से होली खेले एक दूसरे के तिलक लगाकर होली पर्व की बधाई दिए।



ग्रामीण चोवाराम ने बताया होली वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण भारतीय त्यौहार है। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली रंगों का तथा हँसी–खुशी का त्योहार है। हमारे ग्राम में होली मनाने दूरदराज में कार्यरत ग्रामीण छुट्टी लेकर होली मनाने आते है। आज भी ग्राम में विधि पूर्वक होली मनाते है अच्छा लगता है। ग्राम के प्रमुख चौक, चौराहों पर नगाड़े की थाप में फाग गीतों को गाते हुए थिरकते हुए दिखाई दिए गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी। बच्चे रंगो, पिचकारी से होली खेलते, विभिन्न प्रकार के पोशाकों को धारण किया।

**नगाड़े की थाप पर थिरके मंत्री:** छत्तीसगढ़ के केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने निज ग्राम चांपा में सादगीपूर्वक होली मनाया। मंत्री नगाड़े की थाप थिरकते हुए दिखाई दिए। फाग गीत गाते नगाड़े बजाते हुए भी दिखे। ग्रामवासी मंत्री को अपने बीच पाकर हर्षोल्लास से भर गए।

# ग्राम चंगोरी में कराया नलकूप का खनन और दिया पंप सेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

- सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत संयंत्र ने ग्राम चंगोरी व मोहरा में कराया काम

अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग हिरमी सीमेंट संयत्र द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत ग्राम चंगोरी व मोहरा मे बोरवेल खनन कार्य कराया गया है।

विदित हो कि ग्राम चंगोरी व मोहरा मे गर्मी के दिनों मे पेयजल व निस्तारी के लिए पानी की भारी समस्या होती थी। बीते समय में सन्यत्र द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करके पानी टैंकर द्वारा पेयजल व्यवस्था कराया गया था। जिसके पश्चात इस पेयजल की समस्या की गंभीरता को देखते हुए और ग्रामीणों की मांग पर संयंत्र प्रबंधन द्वारा सकारात्मक विचार करते हुए स्थाई समाधान के मध्य नजर बोरवेल खनन कार्य कराया गया। बोरवेल में पंप भी लगाया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इस पहल से ग्रामीणों को भविष्य में पेयजल व निस्तार की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। बोरवेल खनन से ग्राम पंचायत चांगोरी के जनपद सदस्य तारण दास डहरिया, अशोक बंजारे, नेत्र कुमार व ग्राम मोहरा के सरपंच साधराम नौरंगा, सुखनंदन चेलक सहित ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए संयंत्र प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापित की है।



# प्रलोभनों से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- एसडीएम वासु जैन ने भी ली सामूहिक मतदाता शपथ

आईएएस वासु जैन एसडीएम सारंगढ़ ने अनुविभागीय राजस्व कार्यालय परिसर में संचालित सभी कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी के साथ सामूहिक मतदाता शपथ लिया। भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर सहित एसडीएम, कोषालय, तहसीलदार और पंजीयन कार्यालय के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।





